दैनिक भास्कर
खंडवा भास्कर 18-08-2023

नुक्कड़ नाटक : ऑनलाइन गेम का उपयोग कम से कम करे

खंडवा | जिले के शैक्षणिक संस्थानों में सायबर सिक्युरिटी विषय पर सेवा भारती, क्विक हिल फाउंडेशन और पुलिस विभाग के सहयोग से नुक्कड नाटक कर जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसके माध्यम से ऑनलाइन ठगी से कैसे बचा जा सकता है। इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मोबाइल पर ओटीपी के माध्यम से होने वाली ठगी से किस प्रकार बचा जा सकता है। इसके लिए विद्यार्थियों को समझाइश दी कि वे अपनी गोपनीय जानकारी किसी से साझा नहीं करे। किसी भी परिस्थिति में ओटीपी किसी को नहीं दें। सोशल मीडिया पर गोपनीय जानकारी साझा करने से भी ठगी होने की आशंका रहती है। इसलिए अपनी जानकारी किसी ऐप से साझा नहीं करे। ऑनलाइन गेम का उपयोग कम से कम करे। सोशल मीडिया पर अपने फोटो एचडी क्वालिटी के नहीं हो, फेक लिंक, फेक मेसेज, फेक कॉल कभी नहीं उठाए। ये नुक्कड नाटक जिले के सभी स्कूल, कॉलेज, मंदिर, मार्केट और सार्वजनिक स्थानों पर किए जा रहे हैं। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारियों ने भी ऑनलाइन ठगी के शिकार ना हो इसके लिए समझाइश दी जा रही है। सरस्वती शिशु मंदिर कल्याण गंज, नेहरू स्कूल, स्कॉलर डेन, यूनिक स्कूल भंडारिया, माखनलाल इंस्टीट्यूट शासकीय विद्यालय रामनगर, नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज, जनता स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर आनंद नगर आदि स्कूल कॉलेज में यह कार्यक्रम किए गए।

इन्होंने दी प्रस्तुति

योगेश शेट्ये, तृषांत पाते, संदीप शिंगदाणे, कृष्णा सकपाल, विशाल चव्हाण और गौरव निम्कर। कार्यक्रम की आयोजक संस्था सेवा भारती खंडवा से राजेश अग्रवाल, अतुल शाह, राधेश्याम कुशवाह, मनोज शाह, भानु भाई पटेल, सुनील गुप्ता, दामोदर गर्ग सहित अन्य कार्यकर्ता विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान उपस्थित रहे।